कार्यालय प्रधानाचार्य, श्री गोकुल वर्मा राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्याल, भरतपुर।

क्रमांकः जीपीबी/स्था.–I/वि.स.यो./2022/ 1583-86. दिनांक 10/10/22,

विज्ञाप्ति

वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग, जयपुर के परिपत्र क्रमांक प 6(2)वित्त/सविलोनि/2021 दिनांक 30–03–21 एवं निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर के पत्रांक एफ (8)(1–ए)/डीटीई/ई–1/सी–5/2022/8933 दिनांक 30–08–22 के निर्देशानुसार संस्थान के रिक्त पदों के विरूद्ध आवश्यकतानुसार अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ के एक पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों को गेस्ट फेकल्टी (पूर्णतः अस्थाई) के रूप में लेने के लिए विद्या सम्बल योजना के तहत बिन्दु संख्या–6 के अन्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित आवेदन पत्र पर मय फोटो के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक की आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 65 वर्ष से कम होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एआईसीटीई के मानकों के अनुसार सम्बन्धित विषय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होना आवश्यक है किन्तु प्रथम श्रेणी न होने पर द्वितीय श्रेणी प्राप्त आवेदकों की वरीयता सूची नियमानुसार तैयार की जावेगी, जिसके आधार पर गेस्ट फेकल्टी को चयन कर लगाया जावेगा।

आवेदक अपने आवेदन पत्र मय शैक्षणिक योग्यताओं एवं आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छाया प्रति सहित दिनांक 19–10–22 को सांय 04:00 बजे तक अपने आवेदन पत्र डाक/व्यक्तिशः जमा करा सकते है। दस्तावेजों के सत्यापन हेतु दिनांक 22–10–22 को प्रातः 11:00 बजे से 2:00 बजे तक कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। विद्या सम्बल योजना के अनुसार मानदेय प्रति घन्टा 800/– रूपये का भुगतान किया जाएगा, जो मासिक 45000/– से अधिक नहीं होगा। भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जावेगा। विस्तृत विवरण वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gpcbharatpur पर उपलब्ध है।

Sdr

प्रधानाचार्य